दिन– शनिवार	दिनांक– 06 / 06 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।	अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक की।

02 एनडीए के घटक दल लोजपा–रामविलास ने विधान परिषद चुनाव के लिए कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को बनाया उम्मीदवार।

03. दिल्ली की एक अदालत ने साहिबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी करार दिया।

04. और, बिहार के वैभव सूर्यवंशी भारतीय सीनियर टी–ट्वेंटी क्रिकेट टीम में शामिल। टीम इंडिया के सबसे युवा क्रिकेटर बने।

**अब समाचार विस्तार से.........**

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों के साथ बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री और परिषद ने वैश्विक उथल–पुथल के दौर में भारत की आर्थिक वृद्धि को और बढ़ावा देने के लिए विभिन्न विचारों और उपायों पर चर्चा की। जीवन स्तर और व्यापार में सुगमता लाने के लिए विभिन्न सुधारों पर भी विचार–विमर्श किया गया। सदस्यों ने पश्चिम एशिया संघर्ष के भारत और विश्व पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन प्रस्तुत किया।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक संकट के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव असाधारण रूप से मजबूत बनी हुई है। श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

——साउंड बाइट——

वर्ष 2025–26 में भारत ने सेवन पॉइंट सेवन पर्सेंट की ग्रोथ रेट हासिल की है और पिछला क्वाटर जो 31 मार्च को खत्म हुआ उसमें भी भारत की ग्रोथ सेवन पॉइंट 8 पर्सेंट रही है और यह दुनिया में तेज़ गति से आगे बढ़ने वाली बढ़ी इकोनॉमी है।

————————————————————————

एनडीए के घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास ने बिहार विधान परिषद की एक सीट के लिए उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी है। पार्टी ने कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। कल भाजपा ने चार और जदयू ने चार उम्मीदवारों के नामों की सूची जारी की थी। इधर, पंचायतीराज मंत्री दीपक प्रकाश को विधान परिषद चुनाव में उम्मीदवार नहीं बनाए जाने को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गयी है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि नामांकन में अभी समय बाकी है, इसलिए लोगों को इंतजार करना चाहिए।

––साउंड बाइट––

गौरतलब है कि बिहार विधान परिषद की नौ सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव, जबकि एक सीट के लिए उपचुनाव हो रहा है। नामांकन की अंतिम तिथि आठ जून तक निर्धारित है। प्रत्याशी ग्यारह जून नामांकन वापस ले सकते हैं। इन सीटों के लिए अठारह जून को मतदान होगा और इसी दिन शाम को मतगणना होगी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मुजफ्फरपुर के साहिबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी करार दिया है। न्यायालय ने उन्हें हिरासत में लेने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस मामले में उनकी पत्नी रेणु सिंह समेत अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है। यह मामला इकतीस दिसम्बर वर्ष दो हजार अठारह को न्यू ईयर पार्टी के दौरान हुई फायरिंग से जुड़ा है। दिल्ली के फतेहपुरबेरी स्थित एक फार्म हाउस में पार्टी में हर्ष फायरिंग के दौरान डॉक्टर अर्चना गुप्ता के सिर में गोली लगी थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। फायरिंग का आरोप राजू कुमार सिंह पर लगा था।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि देशभर में अब तक नौ लाख बयालीस हजार से अधिक किसान "खेत बचाओ अभियान" से जुड़ चुके हैं। मंत्रालय के अनुसार, अभियान के तहत अब तक सत्रह हजार आठ सौ से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनसे लगभग सात लाख किसान लाभान्वित हुए हैं। इसके अलावा, तीन हजार सात सौ से अधिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और आठ हजार आठ सौ पचास से अधिक व्यावहारिक प्रदर्शन भी आयोजित किए गए। अभियान का उद्देश्य

मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना, रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करना और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देना है।

———————————————————————

बिहार के वैभव सूर्यवंशी को भारतीय सीनियर टी–ट्वेंटी क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। वैभव भारतीय टीम में चुने गए सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने पंद्रह साल इकहत्तर दिन की उम्र में भारतीय टीम में जगह बनाई है। वैभव को जून–जुलाई में आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टी–ट्वेंटी सीरीज के साथ–साथ एशियन गेम्स के लिए चुना गया है। आईए जानते हैं वैभव सूर्यवंशी के क्रिकेट कैरियर के बारे में...

——रिपोर्ट——

समस्तीपुर के ताजपुर से निकलर भारतीय क्रिकेट के फलक पर सबसे चमकीले सितारे के रूप में उभरने वाले वैभव सूर्यवंशी ने केवल बारह वर्ष की उम्र में रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था। यूथ टेस्ट क्रिकेट में आस्ट्रेलिया के खिलाफ केवल अट्ठावन गेंद में शतक जड़कर उन्होंने काफी सुर्खियां बटोरीं। आईपीएल दो हजार छब्बीस वैभव के क्रिकेट कैरियर का गोल्डन टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। इस सीजन में उन्होंने सबसे अधिक सात सौ छिहत्तर रन बनाकर ऑरेंज कैप का अवार्ड जीता। साथ ही वैभव ने मोस्ट वैल्युएवल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द ईयर, सुपर स्ट्राईकर और सबसे ज्यादा छक्के लगाने का अवार्ड भी अपने नाम किया। आईपीएल से ठीक पहले, आईसीसी अंडर–19 विश्वकप, दो हजार छब्बीस में वैभव खिताबी जीत के नायक रहे। वैभव सूर्यवंशी का करियर इस समय भारतीय क्रिकेट इतिहास के सबसे रोमांचक दौर में है। उन्होंने टी–20 क्रिकेट में आक्रामक बल्लेबाजी का ऐसा उदाहरण पेश किया है जो पहले कभी नहीं देखा गया। अब पूरी दुनिया की नजरें सीनियर इंटरनेशनल क्रिकेट में उनके डेब्यू पर टिकी हैं। समाचार कक्ष से संजय सिंह।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टीम में शामिल होने पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रमंडल यूथ चेस चैंपियनशिप अंडर–18 के विजेता रेयान मोहम्मद को बाईस लाख पचास हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की। श्री चौधरी ने रेयान मोहम्मद को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

———————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राजगीर में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम को इस वर्ष के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया है। पटना में खेल विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने मोईनुल–हक स्टेडियम के पुनर्विकास काम में तेजी लाने को कहा। श्री चौधरी ने जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर खेल अवसंचना के विकास और खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

———————————————————————

एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत युवा संगम के छठे चरण में राज्य के विभिन्न जिलों से चयनित पचास छात्र–छात्राओं को पंजाब के शैक्षणिक और सांस्कृतिक दौरे के लिए रवाना किया गया। आईआईटी, पटना में आयोजित फ्लैग ऑफ समारोह में गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने छात्रों को रवाना किया। श्री कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम विविधता में एकता का संदेश देता है।

––साउंड बाइट––

इस अवसर पर आईआईटी पटना के निदेशक टी.एन. सिंह ने कहा कि युवा संगम राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर सात जून कर दी है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि छात्र अब रविवार मध्यरात्रि तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि छह जून निर्धारित थी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

प्रदेश के कई हिस्सों में देर रात मूसलाधार बारिश हुई है। पूर्वी चंपारण के पताही में सबसे अधिक चौहत्तर दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, पूर्णिया के रूपौली में इकहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। पटना, जमुई, लखीसराय, शेखपुरा, समस्तीपुर, सुपौल, अररिया, भागलपुर और कटिहार समेत कई जिलों में भी बारिश हुई है। बारिश होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के लड़ैयाटांड़ थाना क्षेत्र के जतकुटिया गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की चेतावनी जारी की है। इस दौरान वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।

––साउंड बाइट––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सुपौल जिले के भीमपुर थाना क्षेत्र में चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने एक चार पहिया वाहन से दो सौ चालीस लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। वहीं, शेखपुरा जिले के सिरारी थाना क्षेत्र से पुलिस ने वाहन जांच के दौरान एक तस्कर को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है। दूसरी तरफ, अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब और प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर नगर परिषद के मुख्य पार्षद प्रभु शंकर के खिलाफ स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उन पर नामांकन पत्र में जानकारी छुपाने का आरोप है।

———————————————————————

बेगूसराय के सिमरिया गंगा घाट पर स्नान के दौरान डूबने से एक ही परिवार के दो महिलाओं की मौत हो गई है। दोनों दरभंगा जिले की रहने वाली थीं।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुजहा पटजिरवा पंचायत में गंडक नदी में डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के सदर प्रखंड के पांच गांवों– मंदना, कृपाबिगहा, अमानतपुर, सोहदी और विमान का चयन मुकदमा मुक्त गांव के तहत किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने इस संबंध में राज्य विधिक सेवा प्राधिकार को प्रस्ताव भेजा है।

———————————————————————

मधुबनी में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित मेगा कृषि ऋण आउटरीच कैंप में दो सौ से अधिक लाभुकों के बीच दस करोड़ रुपये से अधिक की रारिश का ऋण वितरित किया गया।

———————————————————————

परिवहन विभाग द्वारा कैमूर में पिंक सिटी बस सेवा की शुरूआत की गयी। जिलाधिकारी नितिन कुमार सिंह ने दो पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

———————————————————————

राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान के तहत मुंगेर जिले के विभिन्न गांवों में किसानों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

———————————————————————

सक्षम और जीविका के संयुक्त तत्वावधान में बुनियाद संजीवनी सेवा के माध्यम से अररिया और फारबिसगंज प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में आंख और सुनने की क्षमता की जांच के लिए शिविर आयोजित किये गए। पात्र लोगों के बीच चश्मा का भी वितरण किया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए आर्थिक सलाहकार परिषद की बैठक की।

02 एनडीए के घटक दल लोजपा–रामविलास ने विधान परिषद चुनाव के लिए कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी को बनाया उम्मीदवार।

03. दिल्ली की एक अदालत ने साहिबगंज से भाजपा विधायक राजू कुमार सिंह को गैर इरादतन हत्या और आर्म्स एक्ट के मामले में दोषी करार दिया।

04. और, बिहार के वैभव सूर्यवंशी भारतीय सीनियर टी–ट्वेंटी क्रिकेट टीम में शामिल। टीम इंडिया के सबसे युवा क्रिकेटर बने।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।